प्रत्येक युग में पाप के बढ़ने पर उनके नाश के लिये भगवान अवतार लेते हैं । महाभारत के युद्ध क्षेत्र में स्वयं श्री कृष्ण ने अपने मुख से अपने दायित्व का ज्ञान कराने अपने सखा अर्जुन से कहा-

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत,
अभ्युत्थानम् धर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ।
परित्राणाय साधूनाम् विनाशाय च दुस्कृताम,
धर्म संस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे ॥

इसी कथन की पुष्टि के रूप में सतयुग में राजा हरिश्चन्द्र के रूप में उच्च कुल में, त्रेता युग में भक्त प्रहलाद के रूप में असुर कुल में, द्वापर युग में धर्मराज युधिष्ठिर के रूप में यादव कुल में तथा इस कलयुग के मध्यकाल में सन्त लालदास के रूप में मेव परिवार में अवतरित हुए।

जन श्रुति एवं 'डूंगरसी साध' के अनुसार इस महान शक्ति ने भ्रमर का रूप धारण कर माता के गर्भ में दस माह निवास किया तथा अपने पूर्व प्रण की सम्पूर्ती के लिए अवतरित हुए।

संवत् पन्द्रह सौ सत्तानवे, लाल लियो अवतार ।
सावन कृष्णा पंच रवि, जग हित भक्ति प्रसार ॥

इस साखी के अनुसार विक्रमी संवत् पन्द्रह सौ सत्तानवे के सावन माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी वार रविवार की अर्धरात्रि में १२ बजे जग में जन-जन में भक्ति प्रसार हेतु इस धराधाम पर अवतरित हुए।

पौराणिक व प्रागैतिहासिक काल की अनेक विभूतियों के जीवन परिचय जनश्रुतियों से ही मान्यता प्राप्त किये हुए हैं। ऐसी ही एक जन श्रुति श्री लालदास जी महाराज के जीवन परिचय का मूलाधार है।

कहते हैं कि परम शक्ति सम्पन्न सच्चिदानन्द आनन्द कन्द परमपिता परमेश्वर का अंश धर्मराज युधिष्ठिर यज्ञ का आयोजन करना चाहते थे, जिसकी सफलता के सम्बन्ध में तत्कालीन विशिष्ट राजाओं से विचार विमर्श करने के हेतु राजा बलि से परामर्श लेने उनके पास गये। राजा बलि अपने समय के परमदानी राजा थे। ऐसे समय पर उनसे परामर्श लेना आयोजन की सफलता का विशेष अंग माना गया। धर्मराज युधिष्ठिर से राजा बलि ने बातों ही बातों में तीन प्रश्न किये।

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

पहला प्रश्न – गीता का भावार्थ क्या है ?

दूसरा प्रश्न – ऋण लेते समय जो भाव लेने वाले का होता है, क्या वही भाव ऋण अदा करते समय होता है ?

तीसरा प्रश्न – तुम्हारा पिता कौन है ?

धर्मराज युधिष्ठिर ने उत्तर दिया–

मन की तो मन जाने, तन ही जाने आपदा ।<br>
गीता का अर्थ कृष्ण जाने, माता जाने सो पिता ॥

अर्थात् ( १ ) गीता का भावार्थ श्री कृष्ण ही जानते हैं और वे ही सदैव दिन-रात इसके प्रचार-प्रसाद में सहायक रहे हैं ।

( २ ) मेरे द्वारा कभी कर्ज न तो लिया गया और न अदा किया गया । अतः कर्ज लेने वाला ही उसके मन की वही जानता है ।

( ३ ) तीसरे प्रश्न के उत्तर देने में बहुत ज्ञान व चतुराई की आवश्यकता थी । क्योंकि धर्मराज युधिष्ठिर माता कुन्ती की तपस्या से सिद्ध किये हुए आह्वान मंत्र द्वारा उद्भूत थे । अतः भरी सभा में उस प्रकरण को विलोपित कर गये और उसी भावना से जिस भावना से प्रश्न किया गया था, उत्तर देते हुए कहा 'माता जाने सो पिता' ।

इस प्रश्नोत्तर पश्चात् जब धर्मराज युधिष्ठिर अपने घर वापिस आये तो समस्त वृत्तान्त अपनी माता कुन्ती को यथावत् कह सुनाया, जिसे सुनकर माता ने उन्हें 'गंवार' का सम्बोधन दिया । धर्मराज युधिष्ठिर ने मातृ भक्त होने के कारण अपने हृदय में अंकित कर लिया और कहा कि मुझ गंवार की माता तुम्हीं को होना है तथा मैं आपके आदेश का पालन करेने के लिए कलियुग में गंवार जाति में आपकी ही कोख से जन्म लूंगा । माता के प्रति धर्मराज की यह निष्ठा उनके स्वभावानुकूल है ।

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

लालदास जी के अवतरित होने का समय आने पर परमपिता परमेश्वर भगवान विष्णु ने समय-समय पर जिस भावना से अपने अंश को राम रूप व श्री कृष्ण रूप में ढाला, उसी भावना से कलियुग के मध्य में अपने अंश को अवतरित होने के लिए लालदास रूप में अवतार लेने को कहा तो लालदास महाराज ने अवतार लेने से पूर्व भगवान विष्णु से निवेदन किया कि भगवान मेरी मुक्ति कैसे संभव होगी ? क्योंकि मृत्युलोक में एक साधारण नर रूप में एक जिह्वा का प्राणी रहूँगा जबकि आपके शेषनाग के सहस्त्र फन हैं और प्रत्येक फन में दो-दो जिह्वा है । इसलिये शेषनाग एक बार में ही हजारों नाम का जाप करता है । मुझ एक जिह्वा वाले से कैसे संभव होगा ?

शेषनाग के सहस्त्र फन, फन-फन जिह्वा दोय ।
पापी नर के एक हैं, नाम न बिन गति होय ॥

इस पर भगवान विष्णु ने 'राम तेरे सहस्त्र नाम, पैदागर तेर सहस्त्र नाम' मंत्र देकर कहा कि यह मंत्र तुम्हारे मुक्ति का आधार तो होगा ही साथ ही तुम्हारे भक्तों द्वारा इस मंत्र का जाप करने पर भक्तों की भी मुक्ति होगी । इसी के साथ भगवान विष्णु ने लालदास जी महाराज को उपदेश दिया कि-

निराकार को सुमरण कीजो, यही सीख साधन कू दीजो ।
निरदावा को उद्यम करियो, दयाभाव घट भीतर धरियो ॥
पर हक भीख छीयो मत हाथा, पर-तिरिया को जानो माता ।
अपनो हक जान कर लीज्यो, वित्त समान दान कछु दीज्यो ॥

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

इस उपदेशानुसार लालदास सम्प्रदाय का यह प्रमुख सिद्धान्त है, जिसमें भारतीय भावना की प्रमुखता है, पर मूर्ति पूजा नहीं, क्योंकि निराकार को किसी आकार में नहीं समेटा जा सकता। मूर्ति पूजा तो आध्यात्म का प्रथम सोपान है, इसका चरमोत्कर्ष तो निराकार स्वरूप ही है।

"बिन पगु चलै सुनै बिनु काना, कर बिनु कर्म को विधि नाना ॥"

इसी आश्वस्ती तथा उपदेश के पश्चात् परमपिता परमेश्वर का यह अंश विष्णु लोक से भ्रमर रूप में मृत्यु लोक तक आ पहुंचा और अपनी गुनगुनाहट में सहस्त्र नाम का अनवरत् जाप करता हुआ अपनी माता को ढूँढने निकल पड़ा। इस खोज यात्रा में धौलीदूब के निकट एक कपास के खेत में कपास चुनती हुई अत्यन्त उदारमना नारी को देखा, जो हवा के झोंको से दूसरे के खेत की कपास अपने खेत में आने पर चुन-चुन कर वापिस उसी खेत में डाल रही थी ताकि दूसरे की कपास अपने पास ना रहे। नारी हृदय की विशालता तथा न्यायशीलता देखकर भ्रमर रूपी लालदास ने जान लिया कि यह भक्ति पारायण नारी ही मेरी माता कुन्ती है। इसी समय माता समण रूपी कुन्ती को भ्रमर रूपी लालदास ने अपना रूप दिखाया तो माता समधा ने भी अपने पुत्र को पहचान लिया और कहा कि 'आ मेरे लाल' तथा भ्रमर रूप में कर्ण कुहरों के मार्ग से गर्भ में रूह द्वारा ही प्रवेश कर गये।

चढ़े कपाली हो निजदास, आकर लियो उदर में वास।
पिता चांदमल समदा माय, जिनकी कूँख अवतरे आय ॥

यह नारी धौलीदूब गांव में अपने पिता के घर मेव जाति में समदा के नाम जानी जाती थी और मेहनत मजदूरी करके अपना व

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

परिवार का पालन ८५ वर्ष की अवस्था में भी कर रही थी। यहीं पर अपनी माता की कोख से लालदास जी महाराज ने जन्म लिया।

इस प्रकार से लालदास जी का अवतरण और उनके द्वारा लालदासी सम्प्रदाय का प्रसारण आरम्भ हुआ, जिनके आराध्य देव निरंजन निराकार थे, वे उस महान शक्ति का आभार अणु-अणु और कण-कण में मानते थे। इसीलिये उन्होंने स्वयं ॐ शब्द के साथ निरंजन निराकार तेरे सहस्त्रनाम पैदागर तेरे सहस्त्र नाम का जाप मंत्र अपने भक्तों को दिया। भक्तों द्वारा अपने प्रथम पूज्य आराध्य गुरू को उनकी कृपा को मंत्र-जाप में लालदास महरबान अपनी भक्ति भाव के साथ जोड़ दिया।

मंत्र का मूल ओंकार का 'ॐ' शब्द है, जिसमें निराकार रूप से महान शक्ति सदैव निवास करती है। इसी कारण साधारण वाक्य के साथ भी 'ॐ' को प्रथम स्थान देने पर वह वाक्य-मंत्र मंत्र-शक्ति से सम्पन्न हो जाता है।

अतः प्रचलित सहस्त्र नाम जाप निम्नानुसार है –

## सहस्त्र नाम जाप

ओ३म तेरे सहस्त्र नाम। निरंजन निराकार तेरे सहस्त्र नाम।
राम तेरे सहस्त्र नाम। पैदागर तेरे सहस्त्र नाम।
बाबा लाल महरबान।

लाल साहब के दरबार में, कभी कछू की नाय।
कर्महीन भटकत फिरे, चूक चाकरी माँय॥

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

## श्री लालदासजी महाराज का जाप मन्त्र

अतुल कुर्सी वेद, कुरान तू हकलात तू रहमान ।

हम बन्दे तेरे तू साहिब, सिरजनहार मेहरबान ॥

ओड़ पास तेरा विस्तार, तुम साहिब सिरजनहार ।

ताँबे का कोट सपाफन ताली, सोने जड़ी किवाड़ी ।

अलहमियाँ आप करो रखवाली ॥

रेन राखे चन्द्रमा, पास राखे सूरज साद राखे थरथरी ।

इक्कीस लोक में आप करे रखवाली ॥

कहे लाल निरन्जन प्यारो,

हर कू मिले सो हर को प्यारो ।

अलह लाल की रक्षा, सतरह दुहाई ।

उपला, परायो ताप, तिजारी कछु रह ना पाये ।

लालदास की रक्षा सही, अपनी भेंट लीजे ।

हमारा काम कीजै ॥

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

# मंगला चरण

श्री परम श्रद्धेय श्री श्री १०८ श्री सनकादिक ऋषि की स्तुति

बन्दों बारम्बार, सनक सनन्दन गुरू चरण
मोहि उतारों पार, कोष अखंड अध्यात्म के ॥ १
शोभित चारों वेद, विमल विशद भण्डार के ।
अन पौरूष समवेत, श्री गुरू सनकादिक प्रवर ॥ २
सतगुरू के गुरू देव हैं, सनक सनन्दन आदि ।
परम गूढ गत भेद को, दीजे गुरू प्रसाद ॥ ३
चार वेद सम चहुँ ऋषि, चार वरण उद्धार ।
चार आश्रमन पार कर, देत विमल फल चार ॥ ४

## पिता श्री चांदमल जी का स्तवन (स्तुति)

धन्य भगत जी चांदमल, धन्य धन्य तव भाग ।
लाल वली कुल चन्द्रमा, पावों रतन चिराग ॥ १

पिता चांदमल तुम बिना, कौन पाय यह भक्ति ।
कुल तारन कुल जन्मियो, धन्य धन्य तव शक्ति ॥ २

तुम परि पूरण तय कियो, पूरण ही फल लीन ।
सतत भक्ति रत ही रहे, परमारथ ही कीन ॥ ३

दूहलोत का गोत में, तुम दूलह भये आन ।
दम्पति की सम्पत्ति रही, राम भक्ति रस खान ॥ ४

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

## माता श्री समदा जी की प्रार्थना

दोहा – माता समदा सुमति, जननी की सर ताज ।
त्याग तपस्या मूर्तिवर, सभी सँवारे काज ॥
कूंख सुफल सब भाँति से, माता तेरी आज ।
हरि दास सुत जन्मियों अटल कमायो राज ॥
शील संतोषी खान तुम, समता की सम राशि ।
कुन्ती कर्म स्वभाव की, बलिहारी सुख साज ॥
धन्य पिता श्री चाँदमल, धन्य सु समदा मात ।
चन्दन के बेडे चन्दन भये, मोती निपजे स्वाँत ॥

## गुरू श्री लालदास जी की वन्दना

श्री गुरू सद वैद्य हैं, रूग्ण हृदय के काज ।
निर्मल उर कर त्वरित ही, देहिं राम अनुराग ॥
लाल मिलावें लाल सों, भव वारिध सों तार ।
लालदास बन जानिये, लाल ख्याल की सार ॥
लाल लाल सब कोई कहै, सेवक साध अनंत ।
लाल ख्याल के भेद को, पावैं बिरला संत ॥
लाल तुम्हारे चरण की, रज को धन्य अनेक ।
धन्य धन्य तव बचना को, बिगड़े बने अनेक ॥
लाल लाल के जौहर को, मूरख जानै नाहिं ।
जानै कोई जौहरी, जो गुण लालन माहिं ॥
भव वारिध के भंवर में, डूबे बहे अनेक ।
लाल दास बोहित बने, बूढ़े तरे प्रत्येक ॥
कौन सुने तेरे बिना, हे लालन के लाल ।
आतम परम प्रकाश की, गल तेरे में माल ॥

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press



## श्री पहाड़ा जी की वन्दना

परम सनेही राम के, बीर पहाड़ा नाम ।
पापन पर्वत क्षय करो पुण्य पुण्य के ठाम ॥ १
यात्री आवें देश के, कर दर्शन अभिलाष ।
सब की मनसा पूर्णकर, अड़े सँवारो काज ॥ २
संतगुरू पूत सपूत तुम, धन्य आप को भाग ।
जग मंगल कारन करन, हरन द्वेष सब राग ॥ ३
धर्म भीरू की प्रार्थना, कर जोरे महाराज ।
राज काज के कर्म मैं, पूर्ण तुम्हारो राज ॥ ४

## श्री कुँवर ध्रुव जी वन्दना

परम कृपालू ध्रुव कुँवर, संतन को सोभाग ।
धन्य धन्य साधून को, दर्शन मिले सुभाग ॥ १

स०- काज किये बड़ सन्तन के, धन भाग उन्हें जो मिले हर्षाये ।
संकट टार किये उजले, मंतगन के पोषण करवाये ॥ २
कितने अनाथ सनाथ किये, उल्लास भरे घर को उठ धाये ।
धर्म भीरू की तरणि भंवर विच, तुम बिन कौन किनारे लगाये ॥३

दो०- ध्रुव मंगल ध्रुव देश के बैकुंठ द्वारै वास
करत दरस पापज कटैं, ज्यों रवि तिमिर विनाश ॥ ४
कोढ़ी काया कंच सी, कर देते तत्काल ।
चझु हीन को नेत्र दे, पल में करो निहाल ॥ ५

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

# श्री राम स्तुति

श्री रामचन्द्र कृपालु भजु मन हरण भव भय दारूणं ।
नवकंज-लोचन कंज मुख, कर कंज, पद कंजारूणं ॥
कन्दर्प अगणित अमित छवि नवनील-नीरद सुन्दरं ।
पटपीत मानहु तड़ित रूचि शुचि नौमि जनक सुतावरं ॥
भजु दीनबन्धु दिनेश दानव दैत्यवंश-निकन्दनं ।
रघुनन्द आनन्द कंद कौशलचन्द दशरथ-नन्दनं ॥
सिर मुकुट कुण्डल तिलक चारू उदारू अंग विभूषणं ॥
आजानु-भुज-शर-चाप-धर, संग्राम जित-खरदूषणं ॥
इति वदति तुलसीदास शंकर-शेष-मुनि-मन-रंजनं ।
मम हृदय-कंज निवास कुरू, कामादि खलदल-गंजनं ॥
मनु जाहिं राचेउ मिलहि सो बरू सहज सुंदर सांवरो ।
करूणा निधान सुजान सील सनेह जानत रावरो ॥
एहि भांति गौरि असीस सुनि सिय सहित हिय हरषी अली ।
तुलसी भवनिहि पूजि-पुनि-पुनि मुदित मन मंदिर चली ॥

**दोहा :**

**जानि गौरि अनुकुल सिय, हियं हरषु न जाइ कहि ।**
**मंजुल मंगल मूल, वाम अंग फरकन लगे ॥**

## प्रार्थना

जय-जय सुरनायक जन सुखदायक प्रनतपाल भगंवता ।
गौ द्विज हितकारी जय असुरारी सिंधुसुता प्रिय कंता ॥
पालन सुर धरनी अद्‌भूत करनी मरम न जानई कोई ।
जो सहज कृपाला दीनदयाल करउ अनुग्रह सोई ॥
जय-जय अविनाशी सब घट बासी व्यापक परमानंदा ।
अविगत गोतींत चरित पुनींत माया रहित मुकुन्दा ॥
जेंहि लागि बिरागी अति अनुरागी विगत मोह मुनिवृंदा ।
निशि बासर ध्यावहिं गुन गन गावहिं जयति सच्चिंदानदा ॥
जेहिं सृष्टि उपाई त्रिविद्यि बनाई संग सहाय न दूजा ।
सो करउ उधारी चितं हमारी जानिव भगति न पूजा ॥
जो भव भय भंजन मुनि मन रंजन गंजन विपति बरूथा ।
मन बच क्रम बानी छाडि सयानी सरन सकल सुर जूथा ॥
शारद श्रुति सेवा रिषय असेषा जा कहूं कोउनहिं जाना ।
जेहि दीन पियारें वेद पुकारे द्रवउ सो श्री भगवाना ॥
भव वरिधि मदर सब विद्यि सुन्दर गुनमंदिर सुख पूंजा ।
मुनि सिद्ध सकल सुर परम भयातुर नमत नाथ पद कंजा ॥

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

# श्री बाबा लालदास चालीसा

दोहा : संत शिरोमणि सद्‌गुरू, दीन गरीब निवाज ।
भक्तिन के हित करन को, धरयो दिव्य तनु आज ॥

जय जय श्री लालदास बाबा । बड़े भाग्य जिन दर्शन पावा ॥
भक्त जनन के हैं हितकारी । दीन दुःखी या होय सुखारी ॥
दरश करत सब पातक कटहीं । ध्यान करत सब संकट हरहीं ॥
रूप आलौकिक अति हितकारी । दीनन के पितु औ महतारी ॥
नाथ तुम्हारी आलौकिक शोभा । भयो सुखी सम्मुख महं जोभा ॥
प्रीति आलौकिक बरीन न जाई । गयो निकट जो सो वह पाई ॥
नाथ दास पै कृपा करीजे । दीन जान मोंहि आशिष दीजै ॥
जाके सुख आवें तब नामा । मिलै ताहि चित्त महं विश्रामा ॥
रोगी भोगी जोगी आवे । दरश करत वाँछित फल पावे ॥
चरण शरण में करै मुकामा । होय सकल परिपूरन कामा ॥
भटकट ठोकर खात उबारो । दीन जान बाबा उद्धारो ॥
पाहि पाहि तब शरण नमामी । मातु पिता तुम अन्तर्यामी ॥
ध्यान धरैं जो कोई निशिदिन । मिटे दुःख पावे सुख तत् छिन ॥
अर्चा पूजा ध्यान लगाई । धूप दीप नैवेध बनाई ॥
करैं निवेदित चरणिन मांही । सकल अमंगल मूल नशाहीं ॥
ध्यान ज्ञान सो पूजा करहीं । बाबा चरणिन महं जो परहीं ॥
जो बाबा की पूजा करहीं । मिलै परम सुख नरकन परहीं ॥
लेय चित्त जो बाबा नामा । सकल होंहि नित पूरन कामा ॥
चरण कमल महं ध्यान लगाई । करै नाम को पाठ अधाई ॥
ताको तुरतहिं शोक नशावै । जो बाबा परसादी पावै ॥

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

यदि पावै पुस्तक परसादा । सकल हृदय की हरै विषादा ॥
नाम लेय अरू पाठ करावै । आप करे द्विज सों जो करावे ॥
जो बाबा के दर्शन को जावे । तुरतहिं मनवाँछित फल पावै ॥
जागत सोवत खात जम्हावत । निशि वासर जो ध्यान लगावत ॥
यात्रा मंगलमय हो जावै । जो बाबा का ध्यान लगावैं ॥
सकल कार्य महं सिद्धि पावों । श्री लालदास बाबा जी गाओ ॥
जो जो बाबा जपै हमेशा । ताके मन नहिं रहत कलेशा ॥
पाप ताप संताप नशावै । जो गुरू चरण शरण चित्त लावै ॥
जाको कोऊ पड़े कलेशू सकल अमंगल हरै जनेसु ॥
सात बार महं कोऊ बारा । सब दिन बाबा नाम उचारा ॥
हर दिन हर दिन हर पखवारा । जो बाबा की करै पुकारा ॥
ताहि समय बाबा तहं आई । देहिं हृदय मह ज्ञान बताई ॥
धर्म कर्म अरू राखै प्रेमा । ध्यावैं बाबा को करि नेमा ॥
शांति मिले ताके चित्त माहीं । जो बाबा का ध्यान लगाहीं ॥
धर्म प्रचारक जन उद्धारक । पाप शाप संताप निवारक ॥
शान्ति दूत ऋषि परम तपस्वी । सकल गुननि की खान यशस्वी ॥
अशरण शरण दीन हितकारी । चरण शरण महं परयो तिहारी ॥
दीन जान मोहिं अभय करीजै । कृपा सिन्धु चरणन रज दीजै ॥
जो बाबा चालीसा गावै । सब सुख भोग परम पद पावै ॥
जो गावे बाबा चालीसा । हरै विपति सुख देहि मुनीसा ॥

दोहा : प्रेम सहित चालीस दिन, करे पाठ चित लाय ।
बाबा-बाबा जाप करि, सकल सिद्धि पा जाय ॥

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

राम रामेति रामेति, रमे रामे मनोरमे ।
सहस्त्रनाम तत्तुल्यं, राम नाम वरानने ॥

## मंगलाचरण

'श्री जी बाबा' चरणरज, गणपति बुद्धि अगाध ।
लालदास की दया से, मिटें सकल बहु व्याधि ॥
गुरु कृपा में समाहित, ब्रह्मा-विष्णु-महेश ।
जब गुरु कर सिर पर रहे, कभी न व्यापै क्लेश ।
सतगुरु लाल सुहावने, दें हरजश-सन्देश ।
सहस्त्रनाम के जाप का, मन में हुआ प्रवेश ॥

## श्री लालदास चालीसा

दोहा- श्री गुरु पद्म-पराग का, अंजन आँखन आँज ।
तप्पराग से बहुरि तू, मैले-मन को माँज ॥
हरजश-गा हरिभजन कर, दुई भाव को त्याग ।
सबका मालिक राम है, उससे कर अनुराग ॥

॥ चौपाई ॥

जय निरगुण-निधि सन्त समाजा, सहज सुधारक सबके काजा ।१।
जय श्रम-साधक जय उद्योगी, भोगी रहकर भी बड़योगी ।२।
तुमरी कीर्ति साध जनभाखैं, साखी-शबद-सुधा-रस चाखै ।३।
चांद चन्द समदा-सुत साँचै, गृहस्थ-धर्म भोगरी मन राँचै ।४।
तुम घट-घट की गति पहिचानो, कुमति-निवार सुमति संधानो ।५।
धौलीदूब जन्म-थल पायो, जग में वा थल नाम बढ़ायो ।६।
बत्तीस बरस चिन्तन चित्त धारो, लाल-गुरु शुभ मंत्र प्रचारो ।७।
भक्ति करी भव-भीति भगाई, रहे सभी के सदा सहाई ।८।
गिरि से चुन-चुन ईंधन लाते, काठ बेच नित काज चलाते ।९।
एक निशा पर्वत पर काटी, भोर वही निश्चित परिपाटी ।१०।
अलवर में पहुँचे जब आई, हाथी ने वहाँ धूम मचाई ।११॥
भगी मच गई चारों ओर, बचो-बचो का गूँजा शोर ।१२॥
हाथी-मस्त निकट तुम आयो, सहज-भाव हो शीश नवायो ।१३॥
प्रथम पूज्य गणपति कहलाते, वे भी तुमको शीश नवाते ।१४।

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

तुम अलमस्त न मन में शंका, निरभयता के बज गये डंका ।१५।
लोपी रहकर परम अलोपी, कभी न काहू पै मति कोपी ।१६।
अधर चले न धरती छूवै, बोझा सू ना गरदन मूवै ।१७।।
'चिश्ती-गदन' तिजारा वासी सिद्ध-पीर 'औ' जगत उदासी ।१८।
अलामात लख अजब अनोखो, मन ही मन 'चिश्ती' ने घोखी ।१९।
यह तो पहुँचा हुवा मलंगा, पैदागर का असली संगा ।२०।
अलवर हुवा दोनों का मेला, रचना रची उपाया गैला ।२१।
चिश्ती-अर्ज लाल स्वीकारी, दुई भाव 'औ' दुरमति मारी ।२२।
हिन्दु-तुरक नव राह दिखाई, दुरमति कुतिया मार भगाई ।२३।
प्रेम-प्रीत का पाठ पढ़ाया, द्वेष-क्लेश का किया सफाया ।२४।
नाना-थल से कर प्रस्थाना, सन्त-रूप का साधा बाना ।२५।
पहुँचे चढ़ दृढ़ करी तपस्या, सिंह-सर्प की भुला समस्या ।२७।
बाद तपस्या यज्ञ रचायो, वृद्ध-बाल सब जीमण आयो ।२८।
रुच-रुच सब को भात छकाया, बचा भात खैरात लुटाया ।२९।
बरियाणी-सुत प्राण उबारे, कीरति के बज उठे नगारे ।३०।
जीव-सृष्टि-सेवक विख्याता, सत्य-दया-करुणा संत्राता ।३१।
चोरी-जारी-भीख निषेधी, श्रम कर उदर-भरण संवेदी ।३२।
बाँझ नारी की गोद विकासी, हरिदास की दृष्टि प्रकाशी ।३३।
दुखिया जन के काज संवारे, सफल किये अनगिन भंडारे ।३४।
दुर्व्यसनों से सतत अलक्ता भेद-भाव के पूर्ण त्यक्ता ।३५।
गुरू महिमा के पूर्ण प्रचारक, अलख-अगोचर भक्ति विचारक ।३६।
हरजश-राम भक्ति-अनुरागी, राम-नाम रटना लौ लागी ।३७।
सिर चोटी मन-पूजा-पाठा, साधक बने तीन सौ साठा ।३८।
सहस्त्र-नाम तुमको अतिभाये, निराकार-निर्गुण पद गाये ।३९।
मन से भजो लाल की वाणी, भुक्ति-मुक्ति-दाता कल्याणी ।४०।

**दोहा : सुमरण कर हरिनाम नित, दलि से दुई निकाल ।**
**मेल-मिलन ही ब्रह्म है, कहते प्यारे लाल ।।**
**प्यारे लाल के कथन को, मन में निश्चय धार ।**
**कलयुग के भगवान हैं, लाल 'रूप' अवतार ।।**
**'बोलो लालदास बाबा की जय'**

## साखी (संध्याकाल)-1

लाल जी पाप कटे हरि नाम सू जो जन जपे शरीर ।
नाम बिना बह जांवेगे जैसे नदी भादवे नीर ॥
भाव भजन भादू नदी सभी उठी गरनाय ।
सरिता वे ह जानिंये जो जेठ मास ठहराय ।
ज्ञान ध्यान दत्तब दया । हरि दर्शन सू ख्याल ॥
दस्त कुशादा पाक दिल तू साहिब को लाल ।
गौरी गोविन्द गाइये सामे आई रात ॥
साझं पड़ै जो सोइये अपने धर कू जाये ।
गोरी गोविन्द गाइय नातर रहिये सोय
निश वाशर हर कू रटो लाल कैर सो होय ॥

## राम नाम मतवारे सत गुरू - 2

राम नाम मतवारे सतगुरू..२..सत अरू शील दया निर्लोभी मोहरू ममता मारे ॥

भर भर प्याला हर रस पावे आठ पहर सर सारे ॥
पैंडा में गज हसती मिलियो मयमंता गज भारे
हाथीवान दूर भू टेरे आगा सू हठ जारे ॥
ये मयमंता बहुत है खूनी तीन सलाम करारे ।
हाथीवान उतर कर धायो चरणन शीश नवारे
तुम सतगुरू साहिब के प्यारे मोकू राखो चरण सहारे
सतगुरू वचन सांच कर बोला कुमार्ग छोड दे प्यारे ॥
सीख सुणी गुरू लाल की खुल गये भाग हमारे
हाथीवान साध बुद्ध पाई शरण लाल की रहोरे ॥

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

## राम नाम है ऐसा सतगुरू - 3

राम नाम है ऐसा सतगुरू - २

सुआ पढ़ावत गाणिका तारी खूबा सदना कैसा
भिलनी का बेर प्रीत सू पाये अन्तर नाही अंदेशा
अजामील घर साधू आये नाम की साख हमेशा
दुर्योधन की मेवा त्यागी साग विदुर घर रूखा
नामा ध्रुव के कारज सारे सैन भगत का सांसा
जन प्रहलाद अग्न ते उबारे भक्त की भीड मिटाता
जन रैदास कबीर कमाला लाल भगत हर पासा
जन भीखन कू मिले लाल सतगुरू सुमरो लाल हमेशा ॥

## आयो शरण तुम्हारी सतगुरू - 4

आयो शरण तुम्हारी सतगुरू-२
मैं आधीन तम्हारो सतगुरू अब की बार हमारी ।
हमसे पतित अनेक उबारे ऐसी साख तुम्हारी
महानन्द कू काया दीनी आँख हठीले दाढी ।
बूढत जहाज समुन्दर सू तारी जा दिन पड़ी शहा पे भारी ॥
बोहत की प्रतिज्ञा राखी प्रण कियो तैने भारी
मेटो ग्रहण हुई अमावस्या साध वचन नहीं टारी
जहाँ जहाँ भीड पडी तेरा जन पे तहाँ करै सहाई
लाल प्रभू मोहे सतगुरू मिलो है लाल चरण बली जाई ॥

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

**भजन**

हरजी तैने लाल पठायो आप.....2
लिख चेहरी परवानो भेजो । दई रे दरशन की छाप ।।
हरदम हरजी के रहत हजूरी पाया सूधा जाप। हरजी तैने लाल पठायो आप...
ऐसा सतगुरू हमे है मिलो है जैसो कोई भाई ना बाप ।
उत्तर दखन लाल पूरब पश्चिम जस जाहिर मेवात ।
हरजी तैने लाल...........
कल मे आन गजा गज गाजो दियो है देवन कू जवाब
गाओ रे लाल निरंजन प्यारो हरकू जपे सो हरि कू प्याारो ।

**भजन**

मै बिनजारो मेरा रामजी मैं तुम्हारो ।
मेरो दुबलो सो बैल गुण नही लादे दीजो पंथ बुहार ।।
लादा सत्य शील सुकृत धन, यही बिनज उर धारो ।
ऐसो बिनज मोपे बिनजो ना जावें, कठिन बिनज उर हारो ।
कोटि चन्दन क्रोड धन उबरे जबर महा पतिहारो ।
मारग चलत फूंक पग धरियो जब पावे हरि द्वारो ।।
गाओ रे लाल निरंजन प्यारो, सब साधुन पार उतारो प्रभूजी ।।..2

**भजन**

मै तो गुरू चरणन पर वारी ।
महर करो गुरू दर्शन दीजो, आतम तत करारी ।।
अजपा का मोही सुमरन दीना, उर अंतर हम धारी ।।
गुरू समान और ना कोई, देखा सकल निहारी ।।
भज हरिदास लाल गुरू चरनन कू बारम्बार उचारी ।।
गाओ रे लाल निरंजन प्यारो, हर कु जपे सो हर कू प्यारो ।।

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

## श्री प्रभू लाल दास जी - प्रातः काल के भजन साखी

पौ फटो तडको भयो । जागी जिया जौन ।
सब मिल माँगों राम सू अपनी अपनी चौन ॥
हरि दाता जग मांगता रिजक सबन कू देय ।
जल थल जिया जौन की खबर सबन की लेय ॥
पैदा किया की शरम है पाले दे दे चौंन ॥
पालें पोखे गत करे साहिब बहुत भलो
साँची शरण लाल की पकड़ी । सतगुरू लाल मिलो ॥
ऐसा सतगुरू लाल हैं भीड पडे तो सहाय ॥
अगन जलत प्रहलाद की वर्षा कीनी आय
आधो दरशन पयो लाल को जासू भयो निहाल
शरण गहाई राम की तुम सब के प्रतिपाल
पापज दिन विडार के बैठो देवन दाल
रैन दिनाः तुम कू जपो हिरदै को माल
लाल प्रभु मोहे सतगुरू मिले है जाकी निर्मल चाल ॥
दरश पहाड़ा जी को कीजे मुख बरसै है नूर
परमारथ कू औतरे हरि के रहत हजूर
इन्द्र अखाड़ो नित रहे बाजे अनहद तूर
साधू जन आँवे दरश कू मनसा हो भरपूर
सहस नाम हरि का जपो बैठो शील स्वरूप
लाल प्रभु मोहे सतगुरू मिले है राखो हाल हजूर ॥
दरश कुवर को कीजे । शुभ काम सरेगें ।
सैमिली में बैठ के आछो राज करे ।
जिन के केडे आप है वे काहे कू डरे ।
आ रवा सब छोड के हरि को ध्यान धरे ॥
लाल प्रभु मोहे सतगुरू मिले है जासू नाव तिरै

卐 जय श्री लालदास 卐 जय श्री लालदास 卐 जय श्री लालदास 卐

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

# साखी

**साखी व भजनों का प्रयोग बाबा के हवन के समय करना चाहिये ।**

1 ) लाल जी पहले राम मनाईये, जिम सुमरा जुमल जहान बंधे लाई मेदनी : हरि आपन अमन अमान ॥

2 ) लाल जी आपन अमन अमान है जिन सब जुग दिया भुलाय ।

3 ) लाल जी मैं बलि गई हरी नाम की नौ से सत्तर बार जिन आदम सू औलिया किया हरी करत ना लायो बार ॥

4 ) लाल जी औलिया होना इलम है जगत खिलौना होय । गम खावे त्रिशना बुझी मुख सू मीठा बोल

5 ) लाल जी सुख सू मीठा हो रहा है बड़ा न बोले बोल । आशा माया तुम तजी, शुभ करनी का मोल ॥

6 ) लाल जी करना तुम्हारी कठिन है, किनहून आई हाथ । या जग मैं जस तुम लियो सोहिं चलेगो साथ ॥

7 ) लाल जी साथी तेरा बहु घणा, चोट न खाये कोय । तल अहरन ऊपर घण फिरै, निबटें साथी होय ॥

8 ) लाल जी संकट में हर सुमरिये, जाके सुमरे होवे उद्धार ॥ नाम धू प्रहलाद की, नाव उतारी पार ॥

9 ) लाल जी साहिब अपनो सुमरिये, देकर लम्बी टेर ॥ जब मेरो मालिक मन कर, देत ना लावे बेर ॥

10 ) तारा रैन सुहावनी मकर चाँदनी रात भजन करो दीनानाथ को होवे दरश प्रभात ॥

11 ) आधी रात निखण्ड है हिरनी को पहरो ॥ कह कोई जागे दुखिया दुख भरी कह साधू जन तारो ॥

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

12 ) लाल जी राजा राणा छत्रपती सावधान क्यों ना होय ॥ एक दिन ऐसा होयगा सबकू चले बिछोय ॥

13 ) लाल जी राजा राणा छत्रपती, सुनो खान सुल्तान ॥ जिया चाहो तो हरि भजो, नहीं चन्द रोज मेहमान ॥

14 ) लाल जी शुभ बोलण जग शीतला, सत्य ले और सांच ॥ सब अंधयारी छिप गई उगे पूरण मासी चांद ॥

15 ) लाल जी पूनम जग पूरी हुई कभी ना ओछी होय ॥ दसू दिशा की मंडी, म्हारो सतगुरू लीनी सोध ॥

16 ) लाल जी अटल ओलिया शेरपुर, जाके कंचन बरसे नूर ॥ दरश देख पापज कटै, भागे दुख दलीद्दर दूर ॥

17 ) लाल जी कुंवर संकटे सुमरियो ओडी में धन धीर ॥ आये कू आदर करे डिगे ने बधाये धीर ॥

18 ) लाल जी कुंवर संकट समरीये मेरी कर मुश्किल आसान । लावै पर दल में सू मोड़ कर बाजत है निशान ॥

19 ) लाल जी मातलौक के महल के खुले पावें हरी द्वार ॥ रिम झिम मोती महर के, बरशै अमृत धार ॥

20 ) कलयुग घोर अंधेर सकल भय भीत है ॥ सप्त दीप नौ खण्ड भक्त की जीत है ॥

21 ) कोई पंजीवाल कोई सदीवाल कोई हदफ हजारिया ॥ खडे अदालत के बीच अरज गुजारिया ॥

22 ) रसगण लियो जन्म सैमली आइये ॥ बहण सरूपा लार की हरिगुण गाइये ॥

23 ) वेश बनयो गूदड़ी दुरमत लारी धोय ॥ हरजी की बुद्ध लाल पै, लोग बावरा होय ॥

24 ) सहित कबीले बली कहावें, कुंवर कुतब पहाडा । सोज सांवली सरूपा बरकत निरमल जोग सवाँरे ॥

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press



25 ) सामग्री सब टोट है साखी सीखे नाहीं, नैनन सू चहूँ घट फिरे कपट हिय के माँही ॥

26 ) दुनिया लावे लूट के तू दियो भी मत लेव, इन बातन मेरो हरि खुशी और बात सब खेह ॥

27 ) शब्द रसायन शब्द गुरू, शब्द ब्रह्मा का रूप ॥ ईतने गुण या शब्द में, देख शब्द का रूप ॥

28 ) राम जगत में है बड़ा या पटतर ना कोय । चार वेद वाकूँ रटें निरख परख लो लाय ॥

29 ) अलख लखा जिन सब लखा, लखा अलख नहीं होय । वह तो साहिब अलख है, वाकू लखेगा कोय ॥

## भोग का भजन

❖ लालन हेलोदीनो आन साधन के काज दुनिया के कारने-२

इतवारी अपनो कर पठियो, हरि सू बाँधो सूत ।

चांदमल घर लाल चन्द्रमा, धन समदा तेरी कूंख ॥

धोलीदूब में जन्म लियो है, धन वा भूमि को भाग ।

मात पिता सब उठ बोले पुत्र हुए औतार ।

सूखी लकड़ी नित उठ बेची, अंत ना पायो कोय ।

आधी तो खैरात करे है दिन दिन दूनी होय ॥

पैडा में गज हस्ती मिलियो, कुंजर करी सलाम ।

हाथीवान निरख कर देखे तेरा बड़ा कलाम ॥

हाथीवान उतर कर बूझे, आपन कौन कहावो भाई ॥

सतुगरू वचन साँच कर बोले, जब पीलवान बुध पाई ॥ ........

खोड पहाडी आन विराजे, भजन करे दिन रात, दी दूनी में प्रगट

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

भयो है शक्कर बाँटे हाथ सिहं शिला में आसन माँढो, भजन करें दिन रात, सिंह सर्प की शंक न मानी, सब जुग आयो हाथ ॥

बांधोली में यज्ञ रची है, ख्वावे बूरा भात, जो आवे जाही कू पावे, धन्य लाल तेरी साख ॥

दाना पानी अब बना है, लाल टोडी को धाये । कुल का लोग सिद्ध जब कहिये, तब रसगण कू आयो ॥

रसगण में एक झुपडी छाई कुँवर औतारी आये । एक म्यान दो खाँडा कहिये, बाँधोली पहुँचाओ ॥

सखी सरूपा रिध सिध बीबी, वीर पहाडा गाजी । बाँधोली मे कुँवर बिराजे, जश की नौबत बाजी ॥ मक्का मन्दिर अजब बना है लाल त्रिवेणी न्हाये । गांठ उमर की आय लगी है नगंला माही समाये ॥ छः महीना नगंला में बैठो हुकम राम को लावे । पाक गुसल साधन कू दीनी, जब शेरपुर पहुँचाये ॥ कलयुग मैं आछी भक्ति करी है साँचो हर को दास । अजमत साध तेरा जश गावे, लाल मिलन की आश ॥ लाल कू हेलो दीनो आज...

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

## दास भजन निस्तारो सतगुरू - 5

दास भजन निस्तारो-२

या जन्म हमारो सुधारो सतगुरू जन्म हमारो सुधारो
माटी की भीत पवन को गारो कोल कियो है करारो ।
पानी सू नर पैदा कियो अन्न को कियो सहारो
सहित कबीले बली कहावें कुँवर कुतब पहाडों ।
सोज सावँली सरूपा बरकत । अविचल राज तिहारो ।
दास भजन निस्तारो....

## अंगना में खेलत सातू भाई - 6

अंगना में खेलत सातू भाई लाल भक्त ।
सतगुरू सतवादी हर जी सू प्रीत लगाई ॥

पिता चांदमल समदा माता । जिनकी कूख औतरे आई ॥
माय भौगरी साँची बंदी क्ससन कर कर खाई । .....
आसल दे गोकल दे माता लाल भक्त बरपाई ।
चाँदो लाडो मानो माता सुमरो एक ही साँई ।
राजकौर जिन राज कमायो । सखी साँवली माई ॥
कुँवर पहाडा शेरदास गोसदास हरी दर्शन नित जाई ।
सखी सरूपा रिध सिध बीबी संग ही संग पठाई ।
नोरंगदेय संतोशरी चिमनी मुक्त नवल दे बाई ।
काले दास और कुँवर फतेदास संतन के सुख दाई ।
सोज सांवली कंवर कोरानी सुफल कूख की जाई ॥
सुमरण भजन करो साहिब को सकल पाप मुचजाई ।
सीख सुणे सोई फल पावे हरजी के होवे बडाई ।
प्रेमदास जन शरण लालकी रामचरण बली जाई ।
अंगना में खेलै सातो भाई

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

**भजन**

लाज सरूपा जी ने राखी भक्तन की।
दीन कमायो बीबी दुनिया त्यागी अपनो राम कियो है राजी।।
कलयुग केडो दीन कमायो दिल की दुरमत भागी।।
सतशील हिरदा में जाके । चन्द सूरज तेरो साकी।।
आठ पहर हरजी के आगे। यह बुद्ध है बाबा की।।
लाल प्रभू मोहे सतगुरू मिले है बिनती सुनो मलखाँ की।।

**भजन**

लाल मेरो धनमाल लाल दातार है
लाल ही को पूँजी पल्लो। लाल साहुकार है।।
या दुनिया को लाल साधु। मोकु सिद्ध मुरार है।।
लाल ही को दीयो खाऊँ, लाल ही के दरश आऊँ।।
लाल के दरबार साधो, दूनी जय जय कार है।।
लाल के ही हाथ बात, राम ही के रहे साथ।।
लाल ही उतारे साधे, खेवा पहली पार है।।
आन देवन सू अनबन, साहिब सेती पार ही।।
हरीदास साध तेरो यश गावे। लाल के दरबार है।।

**भजन**

लाल को चिराग बाबा, देखो जी धर्मात्मा।।
राम के खंदाये आये, साधुन में सुख चैन लाये।।
सो कबीले बली कहाये, दुहलौत का गौत में।।
दादा तेरो चांदमल, पिता तेरो ओलियो।।
माता तेरी भौगरी। बैठी खिलावे गोद में ।।
सतजुग राज कियो, सरबस दान दियो ।।
आछी आछी जग्य दीनी। बाँदोली का खेत में।।
हरिदास साध, कुंबर तेरो जस गाये।।
मोज तो तुम्हारी पावे, ज्ञान ध्यान पावे साधुन का साथ में।
गाओ रे लाल जिरंजन प्यारो हर कू जपे सो हर कू प्यारो।।

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

## भजन

जन का बन्धन काट मुरारी...2
मोहे विषम ज्वर आन सतावे होवे अनत दुखः भारी ।।
ये बन्धन कटबे को नाँही ओषद बिना तुम्हारी ।।
तुम ही वैध धन्वन्तर मेरे तुम ही मूल पंसारी ।।
तुम्हे छोड कहां जाऊ मेरे सतगुरू कौन है दिखाऊ नाडी
मंकारी के सुत राखन कू प्रण कियौ तैने भारी ।
द्रोपदी को तैने चीर बढायो । जासू सकल सभा पचहारी ।।
नाम लेत गोविन्द को गाणिका। बैठ विमान सिधारी।।
लाल प्रभू मोहे सतगुरू मिले हैं लीजो खबर हमारी ।।
गाओ रे लाल निरन्जन प्यारो हर कू जपे सो हर कू प्यारो।।

## भजन

मेरा मुझमे कुछ नाही जी। जो कुछ है सो सांई।।
शीश साहिब को बाशा कहिये। श्री नारायण नैनन माही।।
नाशा माही निरंजन कहिये। सिरोमणी श्रवण माही।।
कंठ माही श्री कृष्ण विराजै। तन मे तीरथ भाई।।
इन्द्रिन में दीनानाथ बसत है। मन में मालक भाई।।
चित माही चितानन्द विराजे। रोम रोम रघूराई।।
छगन मे दर्शन की आशा। पग परिक्रम्मा धाई ।।
कर जोड हरिदास बिनती करेजी। प्रभू लाल के चरणन मांही।।
गावो रे लाल निरंजन प्यारो हरकू जपे सो हर कू प्यारो।।

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press



**भजन**

मै चरण शरण गुरू देव तुम्हारी।
गत मुक्ती के दाता तुम हो। लीजो खबर हमारी।।
कृपा निधान दया करो हम पै। भय सू लेबो उबारी।।
तारन तरन तुम्ही गुरू देवा। तुम बिन दूजो नाही।।
भज हरिदास केते तुम तारे। प्रभू लाल हमकू भी लेवो उबारी।।
लाल प्रभू मोहे सतगुरू मिले है लिजो खबर हमारी।।

**भजन**

ना कछु सू कछू कियो मोहे, प्यारे लाल ने।।
नात कमीनी मेरी औगण भारी। कैसे आवत दीनौ।।
ना जानू कछु गुण पै रीझो मेरा औगन यार न कीयो।।
भौ सागर मे बहो जात हो मेरी बहींया पकड गह लियो।।
लाल प्रभू मोहे सतगुरू मिले ही। राम सुमर संग लीयो।।
गाओ रे लाल निरंजन प्यारो हर कू जपे सो हर कू प्यारो।।

**भजन**

मोहे आज कुंवर को दरश हुओ जी-2
उत्तम बन मे खेलत पायो, सिर टोपी हाथ चटिया लियोजी।।
पावन मे पग नेवर बाजें, ठुमक ठुमक हंसातो ही गयो जी।
रसगण मे तैने जन्म लियो है बाँधोली जय जय कार हुओ जी।।
रंग रूप पै रीझो आप ही भुजा पसार अपनो कियो जी।।
लाल प्रभू मोहे सतुगुरू मिले हो दरश लाल को कियो जी।।

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

## हम सब मिलकर बाबा

हम सब मिलकर आए बाबा तेरे दरबार
भरदो झोली सबकी तेरे पूरण भण्डार

होवे जब संध्याकाल, निर्मल होके तत्काल
अपना मस्तक झुकाएं, करके तेरा ख्याल
तेरे दर पर आके बैठे, सारा परिवार ... हम सब... ॥१॥

लेके दिल में फरियाद, करते हम तुमको याद
जब हो मुश्किल की घड़ियां, मांगे तुमसे इमदाद
सब से बढ़कर ऊँचा जग में तेरा आधार ... हम सब... ॥२॥

चाहे दिन हो विपरित, होवे तुमसे ही प्रीत
सच्ची श्रद्धा से गाये तेरी, भक्ति के गीत
होवे सबका बाबा जी तेरे चरणों में प्यार ... हम सब... ॥३॥

तू है सब जग का वाली, करता सबकी रखवाली
हम है रंग-रंग के पौधे, तू है हम सबका माली
'पाथिक' बगीचा है ये तेरा सुन्दर संसार ... हम सब... ॥४॥

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

## ॥ श्री लालदास की वन्दना ॥

जगती रहे लालदास, ज्योति तेरी जगती रहे ॥ टेक ॥
जगती रहे बाबा लाल, ज्योति तेरी जगती रहे ।
किसने बाबा तेरा भवन बनाया-२
किसने हरिगुण गाया, ज्योति तेरी जगती रहे ॥१॥
भक्तों ने बाबा तेरा भवन बनाया-२
साधन हरिगुण गाया, ज्योति तेरी जगती रहे ॥२॥
किसने बाबा तेरे चादर चढ़ाई-२
किसने ज्योति जगाई, ज्योति तेरी जगती रहे ॥३॥
भक्तों ने बाबा तेरी चादर चढ़ाई-२
संतन ज्योति जगाई, ज्योति तेरी जगती रहे ॥४॥
लाल ध्वजा और सवा रूपैया-२
भक्तों ने भेंट चढ़ाया, ज्योति तेरी जगती रहे ॥५॥
बूरा भात का थाल सजाया-२
प्रेभ से भोग लगाया, ज्योति तेरी जगती रहे ॥६॥
दूर-दूर से यात्री आवें-२
हर्ष-हर्ष यश गाया, ज्योति तेरी जगती रहे ॥७॥
बाबा की महिमा है भारी-२
सबने दर्शन पाया, ज्योति तेरी जगती रहे ॥८॥
सब की करी कामना पूरी-२
मन वांछित फल पाया, ज्योति तेरी जगती रहे ॥९॥
हरिभक्तन जब ध्यान लगालैं-२
अनहद सबद सुनाया, ज्योति तेरी जगती रहे ॥१०॥
भक्त मण्डल बाबा तेरे दर आया,
चरणनन शीश नवाया, ज्योति तेरी जगती रहे ॥६॥ ॥११॥
जगती रहे लालदास ज्योति तेरी जगती रहे ॥

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press



## ॥ भजन श्री लालदास जी ॥

जय श्री लाल दास गुरूदेव, अनोखी थारी झाँकी ।
जनम-थल धौली दूब सुहानो, बाँधोली ज्ञान बखानो ।
कुण्ड की महिमा अपरम्पार, अनोखी थारी झाँकी ॥१॥ जय श्री...

बैठक, नंगला, रसगण में, तप कीनो हर पल क्षण में ।
तप को यश बड़ों अपार, अनोखी थारी झाँकी ॥२॥ जय श्री...

तन सोहे चादर धौली, शेरपुर हो या बांधोली ।
बाबा टोडी आप विराट, अनोखी थारी झाँकी ॥३॥ जय श्री...

गल रूद्राक्ष बिराजै, नित मठ में नौबत बाजे ।
ऊपर ध्वजा लहर लहराय, अनोखी थारी झाँकी ॥४॥ जय श्री...

माला हृदय में फेरै, भगतन कू जप धुन टेरे ।
बाबा सेमली कीनो जाप, अनोखी थारी झाँकी ॥५॥ जय श्री...

कोई घी का दीपक लावे, कोई स्नेह की जोत जगावे ।
तेरी जोत जगे दिनरात, अनोखी थारी झाँकी ॥६॥ जय श्री...

तेरी महिमा जग में भारी, तू चार जुगी अवतारी ।
बाबा सारो सब के काज, अनोखी थारी झाँकी ॥७॥ जय श्री...

जब पूर्णमासी आवे, परकम्मा सभी लगावें ।
बाबा सबकी रखना लाज, अनोखी थारी झाँकी ॥८॥ जय श्री...

सुन कीर्ति अमर तुम्हारी, यात्री गण सब बलिहारी ।
बाबा तुम सबके सरताज, अनोखी थारी झाँकी ॥९॥ जय श्री...

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

# श्री बाबा लालदास आरती

ॐ जय बाबा लालदास, ॐ जय बाबा लालदास ।
सब दुख हारी संकट टारी, आया तेरे पास ॥ ॐ जय...
बाल्यावस्था में वन जा कर, तुमने तपकीना । बाबा...
देवन करी परीक्षा, वहां पै बजाके मृदुवीना ॥ ॐ जय...
लकड़ी बेचन अलवर जाकर, करत पेट उद्धार । बाबा...
चले भरोटा ऊंचा सरसे, देव करत जयकार ॥ ॐ जय...
हाथी मस्त सामने आया, मच रहा हाहाकार । बाबा...
चरण छुवे हाथी ने तेरे, झुका शीश हर बार ॥ ॐ जय...
हाथी वान विनय कर, जोरत कहता बारम्बार । जय...
शिष्य बनाओ बाबा, मुझको तुम मेरे करतार ॥ ॐ जय...
हाथीवान को शिष्य बनाया, सद् उपदेश सुनाया । बाबा...
वाणी श्रवण करी चित देकर, तेरे ही गुण गाय ॥ ॐ जय...
अन्धे को आंखे तुम दीनी, मन में अतिहर्षाय । बाबा...
ध्रुव दर्शन करवाये बाबा, चरणन शीश नवाय ॥ ॐ जय...
कुष्टी का तुम कुष्ट मिटाया, जय जय करता ज़ाय । बाबा...
कुष्टी द्रव्य लुटाया सगरा, कंचन काया पाय ॥ ॐ जय...
शाह जहान भवंर में अटकी, तुम को याद किया । बाबा...
पहुंचे जहाज उबारी तुमने, बेडा पार किया ॥ ॐ जय...
भक्त अनेक तुम्हारे, कहां तक करूं बखान । बाबा...
दास नहीं कछु भक्ति जानत, शरण पड़ा है आन ॥ ॐ जय...
बाबा लालदास जी की आरती जो मन से गावे । बाबा...
सर्व विकार नशावै, मन वाँछित फल पावै ॥ ॐ जय...

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press



आरती

आरती कुंवर पहाडा जी की
बाबा लाल के कुंवर कहाये, साध संत मिल मंगल गाये ।।
इक्कीस लोक में साख तुम्हारी, तन की तिरण गत करो हमारी।।
लाल नाम की झालर बाजे, दया धरम जाके द्वार बिराजे ।।
कलयुग में आछी भक्ति बढाई, अपने जन की करो सहाई।।
आरती करो साध राम नाम भाषे, दरशन देवो अपने चरणन राखो।।
आरती कुंवर पहाडा जी की

आरती

आरती बहण सरूपा जी की – 2
माई भोगरी दादी समदा की आरती बहण सरूपा जी की
रिध सिध बीबी पास विराजे, और कुंवर के कारज सारे आरती .....
कलयुग केडो दीन कमायो, सूखे अम्बर मेह बरसायो
सूखी बाती दिवलो बारो, चारू पहर निश रहे उजालो – आरती ....
कच्चे करवे जल भर लाई, सत्य शील की करे कमाई
लेर कुंवर को चली रे पालनो, नदिया दरशन आई
पाव देत ही मारग दीनो, नदिया चरणन आई आरती बहन .....
धन साघ समंदर सेयो, पत्वाना को कारज सारो आरती बहण ...
जो सरूपा जी की आरती गावे, सकल पाप वा का मुच जावैं
या दिनेश तेरी आरती गावै बहाण, प्रताप परम पद पावें ।।

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

## ॐ जय जगदीश हरे

ओ३म् जय जगदीश हरे, स्वामी जय जगदीश हरे ।
भक्त जनों के संकट, क्षण में दूर करे ॥ ओ३म्
जो ध्यावे फल पावै, दुःख बिनसे मनका ।
सुख सम्पति घर आवै, कष्ट मिटे तनका ॥ ओ३म्
मात-पिता तुम मेरे, शरण गहूँ किसकी ।
तुम बिन और न दूजा, आस करूँ जिसकी ॥ ओ३म्
तुम पूरण परमात्मा, तुम अन्तर्यामी ।
पारब्रह्म परमेश्वर, तुम सबके स्वामी ॥ ओ३म्
तुम करुणा के सागर, तुम पालन-कर्ता ।
मैं मूरख खल कामी, कृपा करो भर्ता ॥ ओ३म्
तुम हो एक अगोचर, सबके प्राणपति ।
किस विधि मिलूँ दयामय, तुमको मैं कुमती ॥ ओ३म्
दीन-बन्धु दुःख हरता, तुम रक्षक मेरे ।
अपने हाथ बढ़ाओ, द्वार पड़ा तेरे ॥ ओ३म्
विषय-विकार मिटाओ, पाप हरो देवा ।
श्रद्धा-भक्ति बढ़ाओ, संतन की सेवा ॥ ओ३म्
तन, मन, धन, सब कुछ है तेरा ।
तेरा तुझको अर्पण, क्या लागे मेरा ॥ ओ३म्

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press



## श्री गणेश जी की आरती

जय गणेश, जय गणेश, जय गणेश देवा ।
माता जाकी पार्वती, पिता महादेवा ॥
एकदन्त, दयावन्त, चार भुजा धारी ।
मस्तक सिन्दूर सोहे, मूसे की सवारी ॥
अन्धन को आँख देत, कोढ़िन को काया ।
बांझन को पुत्र देत, निर्धन को माया ॥
पान चढ़े, फूल चढ़े और चढ़े मेवा ।
लड्डुअन का भोग लगे सन्त करें सेवा ॥
हार चढ़े, फूल चढ़े, और चढ़े मेवा ।
'सूरदास' शरण आयो, सुफल कीजै सेवा ॥
देवन के देव और पुत्र महादेव के ।
प्रथम पूज्य सर्वसेव्य, दाता जनसेव्य के ॥
वेद, पाश, लिए हाथ अभय मुद्रा धारी ।
ज्ञान को भण्डार धनदाता सुखकारी ॥
दीनन की लाज राखो शम्भु पुत्र वारी ।
मनोकामना पूर्ण करो जाऊँ बलिहारी ॥

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press



## श्री बाँके बिहारी जी की आरती

श्री बाँके बिहारी तेरी आरती गाऊँ
हे गिरधर तेरी आरती गाऊँ
श्याम सुन्दर तेरी आरती गाऊँ

मोर मुकुट प्रभु शीश पे सोहे
प्यारी बंशी मेरो मन मोहे
देखि छवि बलिहारी जाऊँ
श्री बाँके बिहारी तेरी आरती गाऊँ

चरणों से निकली गंगा प्यारी
जिसने सारी दुनिया तारी
मैं उन चरणों के दर्शन पाऊँ
श्री बाँके बिहारी तेरी आरती गाऊँ

दास अनाथ के नाथ आप हो
दुख सुख जीवन प्यारे आप हो
हरि चरणों में शीश झुकाऊँ
श्री बाँके बिहारी तेरी आरती गाऊँ

श्री हरि दास के प्यारे तुम हो
मेरे मोहन जीवन धन हो
देख युगल छवि बलि-बलि जाऊँ
श्री बाँके बिहारी तेरी आरती गाऊँ

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

## श्री लक्ष्मी जी की आरती

ओ३म् जय लक्ष्मी माता, मैया जय लक्ष्मी माता
तुमको निशदिन सेवत, हर विष्णु धाता । ओ३म्
उमा, रमा, ब्रह्माणी, तुम ही जग माता ।
सूर्य चन्द्रमा ध्यावत, नारद ऋषि गाता । ओ३म्
दुर्गा रूप निरंजनि, सुख सम्पति-दाता ।
जो कोई नर तुमको ध्यावत, ऋद्धि सिद्धि पाता । ओ३म्
तुम पाताल निवासिनी, तुम ही शुभदाता ।
कर्म प्रभाव प्रकाशिनि, भवनिधि की त्राता । ओ३म्
जिस घर में वास तुम्हारा, तहं सदगुण आता ।
सब सम्भव हो जाता, मन नहीं घबराता । ओ३म्
तुम बिन यज्ञ न होते, वस्त्र न कोई पाता ।
खान-पान को वैभव, सब तुमसे आता । ओ३म्
शुभ गुण मन्दिर सुन्दर क्षीरोदधि जाता,
रतन चतुर्दश तुम बिन, कोई नहीं पाता । ओ३म्
यह लक्ष्मीजी की आरती, जो कोई नर गाता ।
उर आनन्द समाता, पाप उतर जाता । ओ३म्

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

## श्री पित्तरों जी की आरती

पितरों की नित आरती कीजै,
तन मन धन चरणों में लीजै ।
अपने कुल की रक्षा करते-2,
पुत्र पौत्रों के दुःख को हरते ।
पितरों की नित आरती कीजै ॥
स्वर्ग लोक में वास तुम्हारा,
सेवा करते देवता सारे ।
पितरों की नित आरती कीजै ॥
जिन पर आप खुशी हो जाओ,
उनके कारज सिद्ध बनाओ ।
पितरों की नित आरती कीजै ।
जो कोई शरण में आवे तुम्हारो,
जग में सुख पाता भारो ।
पितरों को नित आरती कीजै ॥
जो कोई नित पितरों की आरती गावे,
नर जीवन में सुख सम्पत्ति पावे ।
आरती पितरों की कीजै ।

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press




https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press



आयोजक समिति

संरक्षक
श्री कंवरसैन (पावसरिया)
श्री भगवत प्रसाद सर्राफ
श्री मुकट बिहारी गोयल
श्री अजय स्वरूप गोयल

उप प्रधान
श्री हेमराज गर्ग
(एकाउन्टेन्ट)

महासचिव
श्री रमन लाल गर्ग
श्री दिनेश गर्ग
श्री अजय कंसल

सह सचिव
श्री प्रेमचन्द गर्ग
श्री संजय कुमार कंसल
श्री कैलाश कंसल

प्रधान
श्री अशोक कुमार गोयल
(किराना मर्चेन्ट, पुन्हाना)

कोषाध्यक्ष
श्री विजय कुमार गोयल (फन्टा)
श्री नरेश कुमार गोयल
श्री देवेन्द्र कुमार गर्ग (बिट्टू)

सचिव
श्री बसंत गर्ग
श्री लखन पाल गोयल
हैप्पी क्रोकरी

प्रचार मंत्री
श्री सोनू खण्डेलवाल
श्री त्रिलोकचन्द कंसल
श्री पुनित गर्ग (पी.पी. गारमेन्ट्स)

(लालदास महिला कीर्तन मण्डल, पुन्हाना)

विशेष सलाहकार :– बाबा श्री लालदास जी ट्रस्ट (अलवर, बांधौली, सैमली)
श्री चन्द्रसेन गोयल, श्री सुरेश चन्द साध (हथीन), श्री लालदास मन्दिर कमेटी, पितगवां
टेकचन्द गर्ग (एकाउन्टेन्ट)

कार्यकारिणी सदस्य

खेमचन्द गोयल, मा0 अनिल गोयल, मा0 कुलदीप गोयल, मनोज कंसल, तेजपाल गोयल, रूपचन्द खण्डेलवाल, राजेन्द्र गर्ग
बिट्टू बिसरू वाले, देवेन्द्र गोयल (दिवू), नरेन्द्र बिसारती, बंटी कंसल, तरूण सिंगला, विनोद शर्मा, यतिन गोयल
राकेश सिरौलिया, अतुल गोयल, अरविन्द मेडिकल, प्रताप मेडिकल, दिनेश आढती, भगवानदास बडेडिया, हेमन्त गोयल (गोलू)
पवन डूंडौलिया, अंकुर मोबाइल, आशीष गोयल, अशोक कुमार (बिजली वाले), नानक बिसरिया, सुनील पावसरिया
विष्णु राजस्थानी, सुनील गर्ग, राकेश कामां, प्रवीण कुमार गोयल, संजय कंसल (बबली), यतेन्द्र गोयल, टीटू (बीसरू वाले)
पवन मास्टर, राकेश कंसल, नरेश गर्ग डूंडौलिया, गोविन्द मुनीम, श्यामलाल गर्ग, महेन्द्र गोयल (छुट्टू), भूपेश गोयल

बाल सहयोगी

गौरी कंसल, यश गोयल, अमन गर्ग, अभिनव गर्ग, रिशिद गोयल, चिराग गोयल, लक्ष्य कंसल, तुषार कंसल, हर्षित, शिवम गोयल

मीडिया सहयोगी

राजेन्द्र गोयल, प्रवेश गोयल, ललित गर्ग, कृष्णकुमार आर्य, मोहित मंगला, गुरुदत्त

गोयल फ्लैक्स मशीन – 9992277922

https://doi.org/10.1017/9781009423991.009 Published online by Cambridge University Press